कार्यालय सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता, हनुमानगढ़

दिनांकः– 14/06/2023

क्रमांकः– 356

विज्ञप्ति 01/2023–24

जिले की निम्नलिखित परियोजनाओं/ग्राम पंचायत के सम्मुख अंकित ग्राम पंचायतों में साथिन के स्वैच्छिक मानदेय सेवा के रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

क्र.स.	सहायक निदेशक कार्यालय का नाम एवं ई–मेल आई.डी. फोन/मो.नं.	पंचायत समिति नाम	ग्राम पंचायत का नाम	श्रेणी
1	कार्यालय सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता, हनुमानगढ़ adwehmh@gmail.com, 01552–262135	नोहर	गोगामेड़ी	अनारक्षित
		संगरिया	भगतपुरा	आरक्षित

- ग्रामीण क्षेत्र में आवेदन करने वाली महिला जिस ग्राम पंचायत के लिये चयन हो रहा है, उस राजस्व ग्राम की स्थानीय निवासी होनी चाहिये।
- आवेदनकर्ता महिला के घर में शौचालय होने एवं उसका नियमित उपयोग किये जाने संबंधी घोषणा आवेदन पत्र में की जाना अनिवार्य है।
- शैक्षणिक योग्यता :– साथिन हेतु न्यूनतम दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- साथिन के पद हेतु निर्धारित आयु सीमा – **विज्ञप्ति जारी होने की तिथि को** आवेदक की आयु 21–40 वर्ष। अनुसुचित जाति, जनजाति एवं विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता, विशेष योग्यजन (गति आधारित) के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है।
- आवेदन फॉर्म सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता कार्यालय, ब्लॉक सुपरवाईजर अथवा विभागीय वेबसाईट www.wcd.rajasthan.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।
- योग्य अभ्यर्थी अपना पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र (2 प्रतियों में) इस कार्यालय में दिनांक 15.07.2023 को सांय 05.00 बजे तक जमा करा सकेगी। सांय 05.00 बजे पश्चात् प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
- चयन विभागीय परिपत्र क्रमांक 38229 दिनांक 14.10.2022 के अनुसार किया जावेगा। विभागीय परिपत्र www.wcd.rajasthan.gov.in वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।
- इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित सहायक निदेशक कार्यालय एवं ब्लॉक सुपरवाईजर से प्राप्त की जा सकती हैं।

सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता
हनुमानगढ़

दिनांकः– 14/06/2023

क्रमांकः– 357–369

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान आयुक्त, महिला अधिकारिता, राज० जयपुर।
2. श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय, जिला परिषद, हनुमानगढ़।
3. श्रीमान उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग हनुमानगढ़।
4. श्रीमान विकास अधिकारी, पंचायत समिति, नोहर/संगरिया।
5. श्रीमान बाल विकास परियोजना अधिकारी नोहर/संगरिया जिला हनुमानगढ़।
6. महिला सुपरवाईजर/सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) नोहर/संगरिया जिला हनुमानगढ़ को भेजकर लेख है कि ग्राम पंचायत/पंचायत समिति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा कर व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें।
7. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत गोगामेड़ी/भगतपुरा को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।
8. प्रोग्रामर, महिला अधिकारिता राज. जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत।
9. कार्यालय साथिन पत्रावली।

सहायक निदेशक

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

D:\harsh\Sathin Chayan.doc